दैनिक ई-पेपर
# दिव्यांग जगत
DIVYANG JAGAT
देश की आवाज
सम्पादक-उत्तम जैन मो.-7737024290
वर्षः 2 अंकः 69 जयपुर, मंगलवार, 14 मार्च, 2023 पृष्ठ : 4 मूल्य-निःशुल्क

## लंदन में राहुल के दिए बयान पर संसद में हंगामा

# भाजपा बोली- माफी मांगें, खड़गे ने कहा- हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेंगे

दिव्यांग जगज

**नई दिल्ली** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा ने माफी की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सरकार अडानी मुद्दे पर जांच से भाग रही। हमारी बात नहीं सुनी जाती। हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेगे। विपक्ष के नेता अडानी मुद्दे पर बेल में आ गए और जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। दो बजे बाद भी हंगामा जारी रहा। इस पर दोनों सदनों की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में राहुल गांधी लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है। भारत में लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है।

### लोकसभा-राज्यसभा दोनों जगह राहुल से माफी की मांग

लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में राहुल गांधी से माफी की मांग की गई। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया है। मैं मांग करता हूं कि उनके बयानों की इस सदन के सभी सदस्यों को निंदा करनी चाहिए। उन्हें सदन के सामने माफी मांगने के लिए कहा जाए। वहीं राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल ने देश की गरिमा को गिराया है। वह सदन में आकर माफी मांगे। सरकार के एक और मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर देशद्रोह का केस चलाने तक की मांग कर दी।



### एक महीने की छुट्टी के बाद फिर शुरू हुआ सत्र

एक महीने की लंबी छुट्टी के बाद फिर से शुरू हुए इस सत्र में टोटल 27 बैठकें होंगी। इससे पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए रविवार को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई। सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुआ था, जो कि 13 फरवरी तक चला। जिसमें 10 बैठकें (छुट्टी को छोड़कर) हो चुकी हैं, जिनमें 4 बार सदन को हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्रवाई को स्थगित करना पड़ा था। इसी दौरान राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद ज्ञापन और केंद्रीय बजट 2023-24 पर चर्चा हुई थी।

### खड़गे बोले- राहुल गांधी का बयान अपने हिसाब से पेश कर रही भाजपा

इधर, सत्ता पक्ष के बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी पलटवार किया है। खड़गे ने कहा- भाजपा के नेता खुद लोकतंत्र को कुचल रहे हैं और हर एजेंसी का गलत उपयोग कर रहे हैं। वे देश को एक तानाशाही की तरह चला रहे हैं और फिर ये लोग लोकतंत्र और देशभक्ति की बात करते हैं। हम अडानी शेयरों के मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग कर रहे हैं। जब हम इस मुद्दे को उठाते हैं तो माइक बंद कर दिया जाता है और सदन में हंगामा शुरू हो जाता है। इसके लिए आज भी हम जेपीसी की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के बयान को सत्ता पक्ष के लोग अपने हिसाब से तोड़ मरोड़कर पेश कर रहे हैं। खड़गे ने सदन के अंदर उन्हें न बोलने देने का आरोप लगाते हुए कहा, अडानी के मुद्दे पर हम जेपीसी बिठाने की मांग कर रहे हैं। मुझे 2 मिनट भी नहीं बोलने दिया गया। पीयूष गोयल को बोलने के लिए 10 मिनट दिया गया। हमारा माइक भी बंद कर दिया गया और हंगामा किया गया। हम विक्रम बेताल की तरह इसके पीछे पड़े रहेंगे।



### धनखड़ बोले- मैंने कभी किसी मान्य सदस्य को बोलने पर नहीं रोका

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कल जो ज्ञान प्राप्त किया उससे एक मार्गदर्शन निकला। उसमें एक बात निकली कि अगर हाउस में कोई नेता कुछ कहते हैं तो प्रतिपक्ष के नेताओं को भी कहने का उतना ही अधिकार है। बाकियों को भी है। लेकिन एक बात और समझ में आई कि सभी माननीय सदस्य गण ने इस बात को तो सराहा कि ये सदन डिबेट, डायलॉग, डिस्कशन, डेलिब्रेशन और का माध्यम होना चाहिए पर एक पीड़ा



व्यक्त की गई कि बेबसी में हम क्या करें। माननीय सदस्य ने कई बातें कहीं और मैंने गहन चिंतन किया। मैंने यह पाया कि 258 सेशन में और 259 के पार्ट ऑफ द सेशन में सभापति की हैसियत से 266 नियम के तहत दिए गए प्रतिवेदन को मना करने के अलावा मैंने कभी किसी मान्य सदस्य को बोलने पर नहीं रोका है। मेरे लिए एक पीड़ा का विषय है कि आप सभी की सहमति से बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में जरूरी मुद्दों पर 12 घंटे का समय लोकेट किया गया था और जब पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम बोल रहे थे तो उन्होंने सदन में ही कहा कि मैं अपने भाषण में इस विषय को किसी भी विषय पर रेज कर सकता हूं। और यहीं सदन की परंपरा भी रही है। मेरे लिए चिंता का विषय है और आप लोगों के लिए चिंतन का विषय है कि हम 12 घंटे तक चर्चा नहीं कर पाए। चिंतन का विषय है कि क्या हम उस एक तिहाई समय में वो बातें नहीं उठा सकते थे और उन बातों को उठाकर सरकारी तंत्र को बाधित कर सकते थे टू रिस्पोंड।

## आप का तिरंगा रैली से शंखनाद, केजरीवाल बोले, अब राजस्थान में झाड़ू करेगी सफाई

दिव्यांग जगज

**जयपुर** आम आदमी पार्टी ने सोमवार को जयपुर में तिरंगा रैली करके आगामी विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। इस मौके पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान को दोनों दलों ने लूटा है। पांच साल कांग्रेस और पांच साल भाजपा ने राज किया। अब राजस्थान में झाड़ू सफाई करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को दो बार जीरो मिला। अब आप राजस्थान में झाड़ू चलाने को तैयार दिख रहे हों। मोदी कहते हैं कि ये फ्री की रेवडी बांटते हैं, अरे भाई ये तो जनता के टैक्स का पैसा है। अगर ये फ्री रेवड़ी है तो 15 लाख का पापड़ किसने दिया था। इससे पहले आप ने सांगानेरी गेट से तिरंगा रैली निकाली जो बापू



बाजार, नेहरू बाजार होते हुए अजमेरी गेट पहुंची। वहां पहुंचकर दोनों मुख्यमंत्रियों ने जनता को सम्बोधित किया। इस मौके पर भगवंत मान ने कहा कि हर घर में केजरीवाल और झाड़ू होना चाहिए। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। ऐसा नहीं किया तो ये सब कुछ बेच देंगे। ये शहीदों का कफ़न बेचकर खा गए। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कहा कि आपका प्यार हमको जिंदा रखता है।आजादी से लेकर आज तक 48 साल कांग्रेस ने राज किया है। 18 साल भाजपा ने राज किया है। आज आप देख सकते हैं राजस्थान का क्या हाल है,पेपर लीक हो रहे हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं।चारों तरफ गरीबी है। वीरांगनाओं को बेइज्जत करके भेज दिया जाता है। 1993 से लेकर एक बार बीजेपी एक बार कांग्रेस का क्रम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बारी बारी से दोनों ने लूटा है। ये चोर चोर मौसेरे भाई हैं।जब कांग्रेस की गवर्नमेंट आती है तो भाजपा कहती है घोटाला कर दिया लेकिन बीजेपी वाले ने आज तक एक भी कांग्रेसी को जेल नहीं भेजा।दोनों पार्टियों की आपस में सेटिंग है, हमारी इनसे नहीं जनता से सेटिंग है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब और दिल्ली में क्रांति आ गई।

### राजस्थान कांग्रेस प्रभारी बोले- मोदी खत्म हुआ तो देश बचेगा

## जांच करवाओ, कहीं चुनाव लड़ने के लिए तो पुलवामा हादसा नहीं करवायाः रंधावा

दिव्यांग जगज

**जयपुर** कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर दी। रंधावा ने पीएम मोदी पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं चुनाव लड़ने के लिए मोदी ने पुलवामा कांड तो नहीं करवाया? वहीं, नरेंद्र मोदी को बेईमान भी कह डाला। रंधावा ने कहा- हमारी लड़ाई अडाणी के साथ नहीं, बीजेपी के साथ है। बीजेपी को मारो। अडाणी-अंबानी साथ ही मर जाएंगे। जब कांग्रेस आए तो अडाणी-अंबानी नहीं आने चाहिए। इन्हें जेल जाना चाहिए। हमारे कई लीडर इन्हें साथ लेकर नहीं चल पड़े। यह ध्यान रखना होगा। मोदी कहते हैं कि पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। पहले यह तो बताइए, पुलवामा कैसे हो



गया। इसकी जांच करवाओ। कहीं, चुनाव लड़ने को तो ऐसा नहीं करवा? दिया। आज तक पुलवामा का पता नहीं चला। गौतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के जवानों पर हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे।

इसके बाद भारत में एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। कांग्रेस जयपुर में अडाणी के खिलाफ राजभवन घेराव करने की कोशिश कर रही थी। सिविल लाइंस फाटक पर सभा को संबोधित करते सुखजिंदर सिंह रंधावा।

# फागोत्सव में कलाकारों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

दिव्यांग जगत

**पिलानी-** नगर पालिका पिलानी के तत्वावधान में पालिका अधिशासी अधिकारी भरत लाल हरितवाल की प्रेरणा एवं पिलानी विधायक जेपी चंदेलिया, पालिका अध्यक्ष हीरालाल नायक पालिका पार्षदों की सहमति से रविवार को देर सांय काल बड़ चौक पर फागोत्सव चिड़ावा पुलिस उप अधीक्षक सुरेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका पिलानी अध्यक्ष हीरालाल नायक ने की। विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग चूरू संभाग के संयुक्त निदेशक पित राम सिंह काला, पिलानी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश नायक, पिलानी पालिका अधिशासी अधिकारी भरत लाल हरितवाल, पिलानी पालिका उपाध्यक्षा श्रीमती दीपिका शर्मा, नगर पालिका विद्या विहार के पूर्व पार्षद एवं वर्तमान अध्यक्षा प्रतिनिधि रोहिताश सिंह रणवा, पिलानी पालिका के वरिष्ठ पार्षद किशनलाल भोमिया, विद्या विहार पालिका के पूर्व चेयरमैन पुरुषोत्तम लाल तेजारा आदि थे। सर्वप्रथम अतिथियों का पिलानी पालिका के पार्षद कमल किशोर मेघवाल, पिलानी पालिका के पूर्व अध्यक्ष होशियार सिंह,



ठेकेदार सुभाष भामरवासी, पार्षद विकास जाखोदिया, पार्षद रतन लाल सैनी, पार्षद मंजू सैनी व नगर पालिका कर्मियों द्वारा साफा पहनाकर एवं पुष्प पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। फागोत्सव कार्यक्रम में याराना ढप मंडली रामगढ़ शेखावाटी, श्री लक्ष्मीनाथ विद्यालय बाल मंडली लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी एवं मुकुंदगढ़ मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोहा। सर्वप्रथम याराना ढप मंडली रामगढ़ शेखावाटी के कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ फागोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात श्री लक्ष्मीनाथ विद्यालय बाल मंडली एंव मुकुंदगढ के कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि चिड़ावा पुलिस उप अधक्षक सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में सभी पिलानी वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए फागोत्सव कार्यक्रम के आयोजक नगर पालिका के सभी परिवार सदस्यों इसमें पालिका अधिशासी अधिकारी भरत लाल हरितवाल जी कि विशेष रूचि उनकी प्रेरणा के कारण आयोजित इस कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरिदतवाल जी ने इस कार्यक्रम को आयोजित कर हमारे क्षेत्र शेखावाटी से लुप्त होती त्योहारों की संस्कृति को बचाने एवं बढ़ावा देने के लिए नई युवां पीढ़ी को प्रेरणा दी है। उन्होंने पिलानी नगर पालिका द्वारा शेखावाटी क्षेत्र की संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इसके लिए मुख्य अतिथि शर्मा ने पिलानी पालिका के अध्यक्ष, इससे अधिकारी व पार्षदों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य राजकुमार भास्कर ने किया। इस मौके पर समाजसेवी राजेंद्र डाडा, कर्नल अवतार सिंह, विशाल सिंह मेड़तिया, हिम्मत संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग, राकेश एकेडमी शिक्षा संस्थान पिलानी के चेयरमैन महावीर सिंह पंघाल, डॉ भीमराव अंबेडकर समता संस्थान के अध्यक्ष विनोद आलड़िया, एडवोकेट हजारीलाल सुनिया, पार्षद प्रदीप चोटिया मनोनीत पार्षद फूल सिंह सैनी, मनोनीत पार्षद नबील खान, पार्षद मंजू सैनी, पार्षद भगवती प्रसाद सैनी, सुभाष सैनी, डॉ माधवानंद सारस्वत, पार्षद चंदन कुमावत, नगरपालिका कर्मी एवं पिलानी के गणमान्य नागरिक गण सहित बड़ी संख्या में महिलाएं , पुरुषों ने फागोत्सव कार्यक्रम का लुफ्त उठाया । अंत में पालिका अध्यक्ष हीरालाल नायक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

तातारपुर थाने की बड़ी कार्रवाई

## अवैध देसी कट्टा, 315 बोर व एक जिंदा कारतूस सहित किया गिरफ्तार

पंडित पवन भारद्वाज / दिव्यांग जगत



**ततारपुर।** भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल आईपीएस के निर्देशन एवं जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा जयप्रकाश बेनीवाल व्रत अधिकारी व्रत किशनगढ़ बास सुपर विजन में शेर सिंह थाना अधिकारी पुलिस थाना ततारपुर के नेतृत्व में टीम गठित द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी हरदेव सिंह उर्फ दीपू पुत्र फौजासिंह जाति रायसिख उम्र 19 साल निवासी सोरखा कला थाना ततारपुर को एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस व बोलेरो सहित किया गिरफ्तार।12 मार्च को 6 बजे मुखबिर द्वारा ततारपुर बहरोड मेगा हाईवे पर जालपीवास मोड़ पर कार्रवाई करते हुए वाहन बोलेरो आरजे 02 यू ए 2616 सवार आरोपी हरदेव उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष का अभिनंदन

दिव्यांग जगत

**झालावाड** राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह हाडा का रविवार को मातृशक्ति की ओर से स्वागत किया गया। हाउसिंग बोर्ड स्थित हंटर फिटनेस क्लब पर मातृशक्ति और फिटनेस क्लब के सदस्यों ने हाडा का माला पहनाकर अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हाडा ने कहा ि क वे समाज के हित में सबको साथ लेकर कार्य करेंगे। शीघ्र ही परिषद की मातृशक्ति शाखा सहित अन्य शाखाओं को सक्रिय किया जाएगा और जिले के सभी ब्लॉक व



पंचायतों में कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। इस मौके पर रीटा कुमावत, अनिता हाडा, प्रियंका कछावा, तुलसी, ज्योति राठौर, राजरानी, रंजीताशर्मा गुडिया, सुरभि, प्रदीप सिंह राजावत, अमित सक्सेना, मनोज रतलानी, हिमांशु, अनुराग, जसवंत आदि कई लोगों ने स्वागत किया।

## बस स्टैंड पर खडी लोक परिवहन की बस में अचानक लगी आग, मचा हड़कंप

दिव्यांग जगत /डॉ जगदीश राजौरा

**बयाना।** बयाना के बस स्टैंड पर खडी लोकपरिवहन सेवा की बस में अचानक आग लग जाने पर हडकम्प मच गया। बस में यह आग तब लगी थी। जब यह बस हिण्डौन से आकर बयाना स्टैंड पर खडी थी और सवारियां उतर रही थी। बस में धूंआ उठता देख बस के चालक परिचालक ने सूझबूझ व तत्परता का परिचय देते हुए सभी सवारीयों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल दिया। आग पर वहां मौजूद अन्य लोगों व पास की कॉलोनी के निवासीयों के सहयोग से काबू पाया जा सका। कॉलोनीवासियों ने अपने सबमर्सिबल पम्प चलाकर आग पर काबू पाने में सफलता दिलाई। सूचना पर बाद में फायरब्रिगेड भी पहुंची। बताया गया है कि बस में यह आग बस की इंटरनल वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से लगी बताई। जिससे करीब ढाईलाख रूपए का नुकसान होना बताया है। बस में से उठती धूंआ व आग की लपटों को देख एक बार तो वहां भगदड मच गई थी। किन्तु सामूहिक सहयोग से काबू पा लेने पर सभी ने राहत की सांस ली।

## सेनेटरी इंस्पेक्टर डिप्लोमा कोर्स विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न बस्तियों में समस्याओं के समाधान की सार्थक पहल



दिव्यांग जगत

**जोधपुर** ऑल इंडिया इन्स्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट जोधपुर केंद्र पर क्षेत्रीय निदेशक श्री विनोद जी पालीवाल के निर्देशन में उन्नति विकास शिक्षण संस्थान संगठन की ओर से सर्वे पूर्ण करवाने का कार्य ईंस्टिट्युट के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है। सेनेटरी इंस्पेक्टर डिप्लोमा कोर्स के 30 वें 31वे बेच के विद्यार्थियों के साथ वॉश और वॉश प्रणाली तक पहुँच को बढ़ावा देने के वैश्विक कार्यक्रम के तहत पांच बस्तियों में सर्वे का कार्यक्रम शुरू किया गया। इनमें ढब्बू बस्ती, एकलव्य भील बस्ती, बड़ी भील बस्ती, भैरुनाथ भील बस्ती एवं तिलवाड़िया बस्ती में डोर टू डोर सर्वे का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके अन्तर्गत इन मोहल्लों में बस्तिवासियों के साथ क्षेत्र में हो रही विभिन्न प्रकार की ज्वलन्त समस्याओं व उनके समाधान पर मोहल्ले के लोगों का रिपोर्ट कार्ड विवरण ऐप के द्वारा एकत्रित किया गया। नगर निगम व समुदाय के साथ मिलकर जोधपुर की बस्तियों में जल व स्वच्छता सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया जा रहा है। इंस्टीट्यूट के क्षेत्रीय निदेशक विनोद पालीवाल के निर्देशन में सर्वे टीम में श्री माधो सिंह राठौड़, नदीम खान शामिल तमन्ना चौहान, अरुणा लीलावत, ममता पारीक, खुशबू चौहान, सुनीता मीणा, प्रियंका सुथार, उर्मिला, सावन कुमार, हिमांशु गुजराती, सुमित, रमन चौधरी आदि स्वच्छता निरीक्षक विद्यार्थियों द्वारा सर्वेक्षण करके बस्तियों की स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भिलवाड़ी के छात्र छात्राओं ने किया व्यासायिक शिक्षा अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण

### औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है - संजीदा परवेज

दिव्यांग जगत

**झालावाड़** रा उ मा वि भिलवाड़ी के व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत आईटी एवं एग्रीकल्चर ट्रेड के कक्षा 9 तथा 10 के 130 विद्यार्थियों को गांधीसागर सिंचाई एवं जल विद्युत परियोजना का औद्योगिक भ्रमण करवाया। मीडिया प्रभारी राजेश हरदेनिया ने बताया की मध्य प्रदेश राज्य के चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध पर बने जल विद्युत परियोजना के भ्रमण के दौरान



प्रधानाचार्य संजीदा परवेज ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का अच्छा अवसर देते हैं औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। जल विद्युत परियोजना सुपरवाइजर द्वारा विद्यार्थियों को बांध पर बने 23 मेगावाट की पांच हाई ड्रॉलिक टरबाइन द्वारा बिजली उत्पादन की कार्यप्रणाली को समझाया गया। आई टी वोकेशनल ट्रेनर दानिश सिद्धिकी द्वारा बांध परियोजना अंतर्गत विद्युत इकाई में लगे कंप्यूटर की जानकारी दी गई। एग्रीकल्चर वोकेशनल ट्रेनर महावीर प्रसाद शर्मा ने बांध के महत्व की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान प्राकृतिक स्थलो की जानकारी के साथ भोजन का भरपूर आनंद लियाभ्रमण में व्यासायिक शिक्षा प्रभारी व्याख्याता आशा सुयन व व्याख्याता सीमा चौरसिया साथ रही।

## राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो 20 से 22 मार्च तक जोधपुर में

दिव्यांग जगत

**जोधपुर** राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो की ऑन-ग्राउंड तैयारियों का जायजा लेने के लिए संचालन समिति ने सोमवार को बोरोनाड़ा के ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर (टीएफसी) में विजिट की एवं समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग एवं वाणिज्य) श्रीमती वीनू गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त श्री महेंद्र कुमार पारख, रीको के स्वतंत्र निदेशक श्री सुनील परिहार एवं जिला कलेक्टर श्री हिमांशु गुप्ता ने टीएफसी ग्राउंड में लगाये जा रहे डोम स्ट्रक्चर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सपो में आने वाले एग्जीबिटर्स और खरीदारों की सहूलियत से संबंधित मीटिंग एरिया, सुरक्षा प्रबंधों, फायर एग्जिट, विभिन्न सुविधाओं आदि के बारे में समुचित दिशा-निर्देश दिये।

# पिता के निधन के बाद उत्तराधिकारी के रूप में पुत्री को पगड़ी रस्म करवाई गई

दिव्यांग जगत

**पिलानी –** कस्बा पिलानी में एक नई मिसाल कायम करते हुए शनिवार को गत दिनों 27 फरवरी को पिलानी से खाटू श्याम पैदल यात्रा के दौरान पिलानी निवासी आदित्य सैनी के वाहन दुर्घटना में आकस्मिक निधन होने पर शनिवार को उनके उत्तराधिकारी के रूप में पगड़ी रस्म के दौरान आदित्य सैनी की इकलौती पुत्री कुमारी भावना सैनी उम्र 10 वर्ष को पगड़ी रस्म करवाई गई।



लोक कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष मुरली मनोहर शर्मा ने बताया कि कस्बा पिलानी में यह एक अलग सामाजिक प्रेरणा मोतीलाल जी सैनी के सुपुत्र स्वर्गीय आदित्य सैनी के निधन से समाज को मिली हैं। उन्होंने बताया कि उनके निधन से कस्बा पिलानी एवं उनके परिजनों को बहुत ही क्षति व दुख हुआ है परंतु एक नई रस्म अदा करते हुई आदित्य की पुत्री किरण को पगड़ी रस्म करवाई गई। क्योंकि इस परिवार की इस पीढ़ी की बेटी भावना ने बड़े होशले से अपने दादाजी व अपने नाना जी पूर्व झुंझुनू उप जिला प्रमुख श्री बनवारी लाल जी सैनी को साहस दिलवाया । आदित्य की इकलौती पुत्री 10 वर्षे किरण ने अपने परिजनों को अपने पिता का नाम रोशन करने का आश्वासन दिया। पुत्री भावना ने अपने दादाजी अपने नाना जी व अपने परिजनों को बड़े साहस के साथ कहा कि मैं अपने पिता का आगे नाम रोशन करूंगी।इस मौके पर लोक कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष मुरली मनोहर शर्मा, गोविंद राम जी सैनी, मोहन लाल जी सैनी, राजीव जी सैनी, मुकेश जी सैनी, सांवरमल सैनी सहित उनके परिजन एवं रिश्तेदार आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमजाल में फंसाकर पांच साल तक देहशोषण का आरोप

दिव्यांग जगत

**जोधपुर ।** प्रेमजाल में फंसाकर पांच साल तक देह और आर्थिक शोषण व धोखाधड़ी करने का मुकदमा एक युवती ने शास्त्रीनगर थाने में आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि दल्ले खां की चक्की क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि सन 2017 में इसी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से उसकी दोस्ती हुई और बाद में दोनों एक साथ रहने लगे। इस दौरान करीब पांच साल तक दोनों साथ रहे। आरोपी ने इस दौरान उसका देहशोषण किया ।

# सालेटा में सरस्वती प्रतिमा की स्थापना समारोह संपन्न

## संपूर्ण ग्राम वासियों द्वारा किया गया विशाल भंडारा

लक्ष्मण वर्मा / दिव्यांग जगत



**थानागाजी** के निकटवर्ती ग्राम सालेटा में आज दिनांक 13 मार्च 2022 को सरस्वती मां की प्रतिमा का षोडशोपचार आचार्य श्री मातादीन जी शर्मा,सह आचार्य श्री योगेश शर्मा व जितेंद्र शर्मा जी मानकोट निवासी द्वारा वैदिक मंत्र उच्चार पद्धति द्वारा सम्पन्न किया गया। इसके बाद करीब सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। प्रतिमा के साथ नगर परिक्रमा की गई। इस नगर परिक्रमा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तथा बच्चे शामिल हुए। नगर परिक्रमा करते हुए ग्रामीण नर नारी विद्यालय पहुंचे यहां ठीक 12 बजकर 15 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में स्थापित की गई तदोपरांत हवन की पूर्णाहुति श्रीमान शम्भू दयाल शर्मा, जिला महासचिव, कांग्रेस कमेटी एवम् उनकी धर्मप%ी श्रीमती अनूप देवी शर्मा, श्रीमती डॉ कमलेश शर्मा प्रिंसिपल बीदासर, श्री रविंद्र कुमार गौतम स्थानीय विद्यालय प्रिंसिपल एवं विद्यालय स्टाफ एवम् ग्रामीणों द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 श्री बालक नाथ जी महाराज पीठाधीश्वर धूनी नाथ जी स्थान गढ़बसई,श्री अभिषेक शर्मा जनसेवक, श्री लोकेश मीणा युवा विकास बोर्ड,श्री जयप्रकाश प्रजापत प्रधान, श्री रामनिवास चौधरी उप प्रधान थानागाजी श्री महेश चंद्र सरपंच द्वारापुर, सरपंच संघ अध्यक्ष श्री रामेश्वर दयाल यादव, पंचायत समिति सदस्य रेखा राम अवतार यादव, सरपंच मालूताना, सरपंच सुरजनपुर, ओम प्रकाश शर्मा अध्यापक, श्री रामशरण मीणा प्रिंसीपल गढ़बसई, सरदार जी प्रिंसीपल इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे। ग्रामवासियों एवम् स्थानीय विद्यालय स्टाफ सभी अतिथियों को साफा माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही इस अवसर पर डॉ कमलेश शर्मा प्रिंसीपल बीदासर द्वारा लिखित पुस्तक" अलवर की संत परम्परा का भी विमोचन संत शिरोमणि पीठाधीश्वर धोनी नाथ धाम के महाराज श्री बालक नाथ जी द्वारा किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे का यह कार्यक्रम साय 7 बजे तक चला। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों एवं भक्तों से इस भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने का भी आग्रह किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित श्री उपेंद्र कुमार मुद्गल पूर्व अध्यापक और श्री भागीरथ शर्मा,बनवारी लाल जी बुनकर अध्यापक,भाजु राम प्रजापत,महादेव प्रजापत,महावीर शर्मा, दीन दयाल प्रजापत, रत्ती राम प्रजापत, युवराज, भूपेश, सोनू, करण, आदित्य, शुभम,दीप सिंह राजावत सरपंच ग्राम सालेटा, घनश्याम प्रजापत,एवं ग्राम सालेटा के बाल गोपाल उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का क्षेत्रीय स्थान पर व्यवसाय की ओर बढ़ने लगा रुझान बेरी में आइस फैक्ट्री की स्थापना



घनश्याम दीक्षित। दिव्यांग जगत

**बेरी।** बेरी गांव के मुख्य प्रांगण स्थित क्षेत्रीय राजस्थान ग्रामीण बैंक के पास जगदंबा आइस फैक्ट्री की स्थापना आज बाबा त्रिवेणी दास के पीठाधीश्वर के हाथों से फीता काटकर किया शुभारंभ बेरी गांव में आज बजरंग सिंह चौहान घासीराम सैनी गांव के प्रबुद्ध नागरिकों एवं त्रिवेणी दास पीठाधीश्वर के सानिध्य में आज किया शुभारंभ इस मौके पर बताया कि लोगों को छोटी-छोटी चीजें को शहरों से मंगवाया जाता है तो वहां से मंगवाने पर किराया आदि लगने पर गांव तक पहुंचने में महंगी होती है अतः क्यों न गांव में ही ऐसा व्यवसाय स्टार्ट कर दिया जाए कि गांव के व्यक्तियों को शहर नहीं जाना पड़े क्षेत्रीय लोगों को रोजगार भी मिले इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे आए हुए ग्रामीण जनों का बजरंग सिंह घासीराम सैनी ने आभार व्यक्त किया।

## भारत विकास परिषद बयाना केलादेवी जी जाने वाले पद यात्रियों को लगाएगा निशुल्क मेडिकल कैंप



दिव्यांग जगत / रूपेश कुमार

**बयाना** – भारत विकास परिषद शाखा बयाना की बैठक परिषद के संरक्षक विनय अग्रवाल जी के निवास पर कल्याण फाउंडेशन की संरक्षक वयोवृद्ध श्रीमती कमलेश अग्रवाल जी के मुख्यआतिथ्य में सामूहिक वंदेमातरम गायन के साथ प्रारंभ हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजेश गोयल ने की जिसमें बयाना शाखा का वार्षिक चुनाव पर परिचर्चा हुई एवं प्रांतीय नेतृत्व के अंतर्गत 19 मार्च रविवार को शाखा का चुनाव होना निश्चित हुआ। साथ ही केलादेवी जी जाने वाले पद यात्रियों के लिए मेडिकल केम्प का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी प्रकार की निशुल्क दवाइयां एवं ड्रेसिंग के साथ-साथ प्रतिदिन फल वितरण का कार्यक्रम रहेगा। समापन पर सभी ने होली मिलन समारोह के अंतर्गत परस्पर एक दूसरे को चंदन का टिका लगाकर एवं गले मिलकर बधाई दी एवं ठंडाई एवं अल्पाहार की व्यवस्था रही राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर परिषद सचिव रमन धाकड़, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र देशमा, प्रचार प्रमुख योगेश पाराशर, महिला प्रमुख रजनी गुप्ता जी, चिकित्सा प्रमुख डॉ सावित्री मीणा, सांस्कृतिक प्रमुख बबिता जैन, संस्कार प्रमुख रेनु मिश्रा, सहसचिव स्वीटी शर्मा, मनीषा अग्रवाल, उर्मिला धाकड़, भावना गुप्ता, गिरजेश शर्मा, जितेंद्र रावत, अशोक गोयल, उदयभान शर्मा, चंद्रप्रकाश गर्ग, मनोज अग्रवाल, भूदेव पाराशर, विनोद सिंघल, राजेंद्र पाल रावत सहित सम्मानित समस्त दायित्ववान पदाधिकारी एवं कोर कमेटी मेंबर एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एसडीएम यादव ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

### मिली गंदगी स्वास्थ्य सेवाओ मे अनियमितता व अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी




दिव्यांग जगत/भूपेन्द्र सिंह पँवार

**अराई,** उपखण्ड स्तर के कस्बे अराई मे स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सोमवार सुबह उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव ने औचक निरीक्षण किया। जहां पर दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले तो वहीं स्वास्थ्य केन्र्द स्वच्छता प्रणाली उपहास बन कर रह गई ओर जहा नजर दौडाई जाए वही गंदगी भी पाई गई। एसडीएम देवीलाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ओपीडी, आईपीडी , रजिस्टर तथा वार्ड सहित शौचालयों का निरीक्षण किया जहां एक डाक्टर सहित एक अकाउंटेंट अनुपस्थित मिले वहीं स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई व उचित रूप से डस्टबिन नहीं पाए गए और शौचालय की हालत भी खेद जनक थी। उपखण्ड अधिकारी ने अव्यवस्थाओ पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए चिकित्सा व्यवस्था और साफ सफाई में सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही एसडीएम ने कहा कि विभाग कोई भी हो अनियमितता व अव्यवस्थाओं बर्दाश्त नहीं होगी जिसके लिए सम्बंधित विभागों को पत्र लिखा जायेगा और आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि यदि स्वास्थ्य विभाग लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करने के लिए बनाया गया। लेकिन जब वही संस्थान अपनी स्वच्छता व स्वास्थ्य केन्द्र ही गंदगी रखता हो यह बिलकुल बर्दाश्त नही होगी।

## पूर्व सैनिक संघ के सदस्यों ने किया नव स्थानांतरित उपखंड अधिकारी का स्वागत सम्मान।



दिव्यांग जगत / डॉ जगदीश राजौरा

**बयाना।** राज्य सरकार की ओर से बयाना में उपखंड अधिकारी के पद पर तैनात किए गए नए उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव का सोमवार को पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कामर व अन्य सदस्यों ने फूल मालाएं व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने भी सभी लोगों से क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था एवं भाईचारा बनाए रखने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास को भी सभी के सहयोग से गति दी जा सकती है। और उन्होंने बताया कि नवनियुक्त उपखंड अधिकारी पहले वायुसेना में 20 वर्ष की सेवा दे चुके हैं। इस मौके पर जयसिंह फौजदार,मानसिंह कसाना, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, देवी सिंह पटवारी राधेश्याम कसाना, अजय कसाना, जगदीश दायमा आदि पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे।

## रेगर समाज नसीराबाद ने काली माता मन्दिर के रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु तहसीलदार को सौपा ज्ञापन



मुकेश वैष्णव / दिव्यांग जगत

**अजमेर ।** नसीराबाद के रेगर समाज गाडी मोहल्ला का बरसों पुराना जय काली माता का मन्दिर राताखेडा के भैरु चौराहे से एक किलोमीटर डिप्टी कार्यालय के पहले बना हुआ है । जिसका रकबा 442 है । जिसमे काली माता मन्दिर मे आने जाने हेतू रास्ता बना हुआ है । कुछ समय पूर्व वही पास की जमीन खरीदने वाले व्यक्ति ने उस रास्ते मे मलबा डालकर रास्ता बन्द करने का प्रयास किया । जिस पर विवाद होने पर मामला कोर्ट मे चला गया व इस पर स्टे लग गया । लेकिन स्टे के बाद भी उक्त व्यक्ति ने कार्य जारी रखा वह रास्ते मे मलबा डालकर रास्ता बन्द कर दिया । जिस पर समस्त रेगर समाज ने तहसीलदार नसीराबाद को ज्ञापन सौपकर रास्ता यथावत रखने की मांग रखी । ज्ञापन मे बताया कि 21 मार्च से नवरात्रा प्रारम्भ हो रहे । जिसमे 9 दिन तक मन्दिर मे धार्मिक कार्यक्रम होगे । भक्त गण दर्शन के लिए आयेंगे । रास्ता अवरुद्ध होने पर श्रृद्धालुओं को परेशानी होगी । ज्ञापन देते समय समाज के भगवान दास , धनराज जाटोलिया , कानाराम कराडिया , सोहनलाल खोरवाल , सोहनलाल शेरशाह , नारायण खोरवाल व बंशीलाल दपयक्यावर सहित कई समाज बन्धु साथ थे ।

## दौसा को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए मीडिया कार्यशाला का आयोजन



मुकेश पोटर / दिव्यांग जगत

**दौसा**-निरोगी राजस्थान कार्यक्रम के तहत तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त दौसा बनाने के लिए जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं एस.आर.के.पी.एस. राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डां. दीपक शर्मा ने तम्बाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज में इन उत्पादों के नुकसान के प्रति जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता बताई।उन्होंने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादन एक्ट 2003 के प्रभावी एवं नियमित क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल दिया। कार्यशाला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक रामजीलाल मीणा ने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के प्रयोग को स्वयं भी ना करें और अन्य व्यक्तियों को भी इनके दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराते हुए छुड़वाने के लिए प्रेरित करें।कार्यशाला में एस.आर.के.पी.एस. राजस्थान के समन्वयक राजन चौधरी ने बताया कि तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के प्रथम चरण में शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त किया जाना है,ताकि युवा पीढी को तम्बाकू से दूर रखा जा सकें।अभियान के दुसरे चरण में तम्बाकू मुक्त कार्यालय,तृतीय चरण में तम्बाकू उत्पादो की बिक्री लाइसेन्स लेने वाला ही करें तथा तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत अन्तिम चरण में रहेगा।इस अवसर पर प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## उपखंड क्षेत्र नारायणपुर में शीतला माता का भरा लक्खी मेला

भारत कुमार शर्मा / दिव्यांग जगत

**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र के बिलाली में सेढ़/शीतला माता माता का लख्खी मेला सुबह 4 बजे से परवान पर रहा। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मंदिर के बाहर लंबी कतार लगी महिलाएं सुबह से ही माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया गया। वही मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था।

### बिलाली मेला विशेष

अरावली संसार की सबसे प्राचीन और वृहद पर्वत श्रृंखला हैं, इसका विस्तृत स्वरूप राजस्थान का मुकुट बना हुआ हैं,इसी की सौम्य तलहटी में बसा हुआ गांव बिलाली बानसूर उपखण्ड का अंतिम दक्षिणी पश्चिमी गांव है।गांव की पहचान प्राकृतिक रूप से तो



यहां के विशाल पर्वत से हैं। जिसकी ऊंचाई 775 मीटर हैं। यह गगनचुंबी पहाड़ भौगोलिक उच्च शिखर सर्वेक्षण आंकड़ों में बीसवें स्थान पर दर्ज हैं। परंतु धार्मिक रूप से इसे शीतला माता मंदिर से पहचान मिली हैं। मंदिर से वर्तमान में बिलाली माता ( सेढ़ माता) बिलाली माता के नाम से प्रसिद्ध है।यह मंदिर हिन्दू धर्मावलंबीयों की आस्था का केंद्र हैं।

# पुरुस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव - 2023 का हुआ आगाज

दिव्यांग जगत / भूपेन्द्र सिंह पँवार

**अराई** हर वर्ष की भांति सरस्वती बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय अराई में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सुरेश टांक विधायक किशनगढ़,कार्यक्रम की अध्यक्षता - रामस्वरूप नायक सरपंच ग्राम पंचायत अराई ने की,समारोह में विशिष्ठ अतिथि दौलत सिंह राठौड़ विकास अधिकारी पं.स. अराई,गुमान सिंह निवार्ण थानाधिकारी पुलिस थाना अराई कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि करतार करियाल ,देवकरण डूक्या, शिवराज बागड़ी,रामलाल मीणा, महिपाल राव , रामराज चांगल आदि मोजूद थे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शाला निर्देशक एवं संचालक कमल माहेश्वरी एवं राधाकिशन गुर्जर ने कार्यक्रम के अंतर्गत बाहर से पधारे हुए अतिथिगणों का मुख्य द्वार पर बालिकाओं द्वारा मस्तिष्क पर तिलक कर मोली बान्धकर



तत्पश्चात माला साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट किया गया।नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहन प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। विधायक सुरेश टाक ने अपने उद्बोधन मे कहा की बच्चे भगवान का आशीर्वाद है इनको इनके मन की हौसलों की उड़ान भरने दे अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा की बच्चो पर अपनी महत्वकाक्षाएं का बोझ ना डालने की नसीहत दी। बच्चों को खुलकर जीने की आजादी मिलेगी तभी वह अपने केरियर के प्रति जागरूक होकर अपने भविष्य का निर्माण कर पायेगे।कार्यक्रम के मध्यान पुरुस्कार वितरण मे विधायक टाक ने गत वर्षों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार बांटे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एकल नृत्य,समूह नृत्य, लघु नाटिका,कविता पाठ, प्रेरक प्रसंग जैसी अनेक विधाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। इन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को एवं इस विधालय के पूर्व छात्र छात्राएं जो आज राजकीय एवं गैर राजकीय उच्च सेवा देकर अपने ग्राम विधालय का ना रोशन किया उन बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देकर के सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में निदेशक कमल किशोर माहेश्वरी ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधायक टांक ने घोषणा करते हुए कहा की मेरा सपना हैं की अराई में एक शादि समारोह के लिए 2 बीघा जमीन पर कम्युनिटी हॉल का निर्माण हो जिससे आम जन अपने छोटे बड़े समारोह के लिए इधर उधर ना जाना पडे।इसके लिए ग्राम पंचायत सरपंच एवं विकास अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।इस अवसर पर मंच संचालक की भूमिका कुंजबिहारी शर्मा ने की वहां उपस्थित दामोदर नायक,सुमेर सिंह राठौड, राजू वैष्णव,बजरंग गुर्जर, खंगार,गोपीलाल मेवाड़ा,कैलाशचन्द पोसवाल,गिरधर गोपाल शर्मा, अनिल जैन, दिलिप कुमार,रामस्वरूप गुलानिया, मुकेश कलवार, हनुमान सिंह, कमलेश कुमार टेलर, नीरज पारासर, विश्राम चौधरी, राजकुमार चौधरी,कनिष्ठ अभियंता माधुरी जैन आदि ग्राम वासी व अभिभावकगण मौजूद रहे।

## झुठा मे महिलाओ ने शीतला माता की पूजा कर लगाया बासोडा का भोग



दिव्यांग जगत - राजुदास वैष्णव

**रायपुर** उपखंड क्षेत्र के झुंठा ग्राम पंचायत में सोमवार को शीतला सप्तमी के अवसर पर ग्राम की महिलाओं के द्वारा शीतला माता की पूजा अर्चना की। इस मौके पर महिलाओं ने प्रातः कालीन जल्दी उठकर सज धजकर व नए वस्त्र धारण कर शीतला माता की पूजा अर्चना करते हुए बासोड़ा का भोग लगाया । महिलाओं के द्वारा अपने घरो में व शीतला माता के मन्दिर पर पूजा अर्चना कर घर परिवार में खुशहाली व सुख समृद्दि की कामनाएं भी की। महिलाओ ने शीतला माता की कथा भी सुनी साथ ही शीतला माता के बनाये गए बासोड़ा का भोजन ही खाया। दरसल शीतला माता की पूजा-अर्चना के दिन सभी लोगो के द्वारा अपने-अपने घरो में बनाये गए बासोड़ा का भोजन ही सब लोग करते हैं । इस दिन घरो में गर्म खाना नही बनाया जाता है।

## सडक दुर्घटना में घायल हुए छात्र ने उपचार के दौरान तोडा दम

### पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

दिव्यांग जगत / डॉ जगदीश राजौरा

**बयाना।** बयाना बसेडी रोड पर करीब एक सप्ताह पूर्व सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 10वीं कक्षा के छात्र ने उपचार के दौरान जयपुर के अस्पताल में दम तोड दिया। जिसका आज बयाना के अस्पताल की मोर्चरी में पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम क्रियाकर्म के लिए परिजनों को सौंप दिया। बयाना वृत के थाना गढीबाजना के पुलिस हैडकांस्टेबल ब्रजेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कोडापुरा निवासी 15 वर्षीय छात्र रोहित गुर्जर पुत्र भूरा गुर्जर गत 5 मार्च को बयाना बसेडी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए बयाना से जयपुर रैफर किया था। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। इस हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं आज पूरे गांव में किसी भी घर में चूल्हें तक नही जले।

## 15 से चलेगा एमआर महाभियान- 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को लगेंगे टीके

मुकेश पोटर / दिव्यांग जगत

**दौसा**-जिले में 15 मार्च से मीजल्स रूबेला महाभियान संचालित किया जाएगा। इसके तहत 9 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को मीजल्स और रूबेला के टीके लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुभाष बिलोनिया ने बताया कि अभियान के संबंध में सभी बीसीएमओ को निर्देशित कर दिया गया है।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीणा ने बताया कि अभियान के तहत जिले में 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को मीजल्स-रूबेला के टीके लगाए जाएंगे।इस संबंध में निदेशालय के निर्देशों के अनुसार एमआर की प्रथम या दूसरी या दोनों डोज से वंचित बच्चों का टीकाकरण किया जाना है।टीकाकरण के बाद प्रतिदिन अभियान की रिपोटिंग भी ऑनलाइन करनी होगी।इसके लिए सभी को रिपोर्टिंग फॉरमेट भिजवा दिया गया है।अभियान की सफलता के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

## कार पलटने से 2 व्यक्तियो की हुई मौत, खाटू श्याम के दर्शन कर आ रहे थे

मुकेश वैष्णव / दिव्यांग जगत

**अजमेर ।** अजमेर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के बांदनवाड़ा पुलिया पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हुई कार पलटने से दर्दनाक हादसे मे दो व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई । यह हादसा बांदनवाड़ा पुलिया के बीचो बीच ऊपर हुआ । दुर्घटना को देखते ही अन्य वाहन चालक व कस्बे वासी पुलिया के ऊपर पहुंचे व घायलों को दुर्घटना ग्रस्त गाडी से बहार निकाला । जिसमे से 2 की मौके पर ही मौत हो गई । दुर्घटना की सूचना मिलते ही बान्दरवाडा पुलिस चोकी ईचार्च गिरधारी सिह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे । मृत दोनो व्यक्तियो के शव को चिकित्सा केन्द्र मे पहुचाया वही घायल 3 व्यक्तियो को अजमेर रैफर कर दिया । जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा कपासन के रहने वाले दो गाडीयो मे सवार 10 व्यक्ति खाटू श्याम के दर्शन कर वापस जा रहे थे । बान्दरवाडा के करीब चोधरी होटल पर खाना खाने के पश्चात दोनो गाडियां रवाना हो गई थी । वही आगे चल रही गाडी पुलिया पर अनियंत्रित होने से दुर्घटना ग्रस्त हो गई ।


सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवादाताओं की आवश्यकता

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त

देश का तेजी से बढ़ता राष्ट्रीय समाचार पत्र

RNI NO.RAJBIL/2020/79496

DIVYANG JAGAT दिव्यांग जगत



EDITOR IN CHIEF
UTTAM JAIN-UMMEED

DIVYANG जगत देश की आवाज

PRINT MEDIA
DIGITAL MEDIA
SOCIAL MEDIA

- जिला ब्यूरो की आवश्यकता
- तहसील ब्यूरो की आवश्यकता
- रिपोर्टर की आवश्यकता

अगर आप संवाददाता बनते हैं तो आपको मिलेगा प्रेस आईडी कार्ड,नियुक्ति पत्र,माइक आईडी,लाइव न्यूज़,आदि सुविधाएं।

◆OTHER FACILITIES◆
- Live Facility (Facebook Page)
- Print Media (News Paper)
- Web News Portal (पल पल की खबरें अपडेट)

www.divyangjagat.com
- Whatsapp Group



दिव्यांग जगत संपादक - उत्तम जैन उम्मीद
DivyangJagat
http://divyangjagat.com
+91 77370 24290


## जनरल नॉलेज & करंट अफेयर्स



सुखराम मीणा
(कैरियर मंत्रा & टेक ब्लॉगर)
-Visit us-
www.divyangjagat.com
(दिव्यांग जगत पत्रिका)

## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

प्रश्न - नौसैनिक अभ्यास स्ढ्ढहृश्वङ्ग किस देश के साथ आयोजित किया जाता है ?
उत्तर - श्रीलंका

प्रश्न - भारत में मनीआर्डर प्रणाली की शुरुआत किस वर्ष हुई ?
उत्तर - 1880

प्रश्न - स्वतन्त्र भारत के प्रथम निर्वाचन आयुक्त कौन थे ?
उत्तर - सुकुमार सेन

प्रश्न - बाल्मीकि ने रामायण की रचना किस भाषा में की थी ?
उत्तर - संस्कृत

प्रश्न - भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री कौन थे ?
उत्तर - सरदार पटेल

प्रश्न - 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है' किस व्यक्ति ने कहा था ?
उत्तर - बाल गंगाधर तिलक

प्रश्न - काष्ठ स्पिरिट क्या होती है ?
उत्तर - मेथिल ऐल्कोहॉल

प्रश्न - महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु का क्या नाम था ?
उत्तर - गोपाल कृष्ण गोखले